# दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
## गोरखपुर-273001
(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)

सम्बद्ध

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ & Fax : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in


दिनांक : 02.10.2025

प्रकाशनार्थ

**महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित**

गोरखपुर 02 अक्टूबर 2025। 44यूपी वाहिनी एन सी सी, गोरखपुर के तत्वावधान में दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय की एनसीसी प्लाटून द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ पवन कुमार पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि गांधी जी और शास्त्री जी का जीवन हमें सादगी, ईमानदारी और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। गांधी जी ने सत्य और अहिंसा को जीवन का मूल मंत्र बनाया और सिद्ध किया कि दृढ़ निश्चय एवं नैतिक मूल्यों के बल पर बड़ा परिवर्तन संभव है। वहीं शास्त्री जी ने "जय जवान जय किसान" का नारा देकर परिश्रम, त्याग और राष्ट्र सेवा का महत्व बताया। दोनों महापुरुष हमें सिखाते हैं कि सादा जीवन, उच्च विचार और कर्तव्यनिष्ठा ही सच्ची सफलता तथा समाज कल्याण का मार्ग है।

एनसीसी सी.टी.ओ. डॉ. सुभाष चन्द्र ने अपने संबोधन में कहा कि "स्वच्छता ही सेवा है"। स्वच्छता केवल जिम्मेदारी नहीं बल्कि संस्कार है, जिसे हमें अपने स्वभाव और आचरण का हिस्सा बनाना चाहिए। इंस्ट्रक्टर शिवम गुप्ता ने भी कैडेट्स को स्वच्छता के महत्व से अवगत कराते हुए उन्हें जागरूक किया।

कार्यक्रम दो सत्रों में संपन्न हुआ। प्रथम सत्र में अतिथियों, शिक्षकों एवं कैडेट्स ने गांधी जी और शास्त्री जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इसके पश्चात कैडेट्स ने दोनों महान व्यक्तित्वों के जीवन एवं कृतित्व पर अपने विचार व्यक्त किए।

द्वितीय सत्र में "संस्कार स्वच्छता स्वभाव स्वच्छता" थीम के अंतर्गत स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें एनसीसी कैडेट्स ने पूरे परिसर की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक, विद्यार्थी एवं एनसीसी कैडेट्स उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे।

डॉ.(शैलेश कुमार सिंह)
प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क